दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, मंगलवार 18 अक्टूबर 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### जवाहर नवोदय विद्यालय: कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 25 अक्टूबर

**रायगढ़।** नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9 वीं के रिक्त 2 स्थानों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से 25 अक्टूबर 2022 तक विद्यालय समिति के वेबसाईट www.navodaya.gov.in OR https://www.nvsadmissionclassnine.in/ से भरी जा सकती है। ऑनलाईन माध्यम से त्रुटी सुधार विंडोव 26 व 27 अक्टूबर तथा परीक्षा 11 फरवरी 2023 निर्धारित है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट एवं कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज के आदान विक्रेता नवीन लायसेंस हेतु विकासखण्ड कार्यालय में कर सकते है आवेदन

**रायगढ़।** नवीन गठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सम्मिलित विकास खण्ड सारंगढ़ व बरमकेला जो पूर्व में जिला रायगढ़ के अधीन थे एवं विकास खण्ड-बिलाईगढ़ जिला-बलौदाबाजार के अधीन थे। उन जिले के समस्त उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज के आदान विक्रेताओं को सूचित किया गया है कि अपने विकासखण्ड कार्यालय में उपस्थित होकर लायसेंस एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति जमा करते हुए लायसेंस संशोधन हेतु जल्द से जल्द आवेदन प्रस्तुत करें। ताकि उप संचालक कृषि जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय कार्यालय से आपका नवीन लायसेंस जारी किया जा सके।

### करेंट की चपेट में आने से नर हाथी गम्भीर रूप से हुआ घायल

**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर से बड़ी खबर आ रहा है। करेंट की चपेट मे आने से 50 साल का नर हाथी घायल हो गया है। तपकरा वन परिक्षेत्र मे 13 हाथियो का दल विचरण कर रहा है। करेंट की चपेट मे आने से घायल हाथी 12 घंटे से एक जगह पर खड़ा है। जशपुर जिले के वन परिक्षेत्र तपकरा के ग्राम पंचायत साजबहार के डुमरटोली गांव मे एक खेत के पास हाथी करंट की चपेट मे आने से घायल हो गया है। 11000 हजार वोल्ट के मेन लाईन के खम्बे से हाथी टकरा गया जिससे खम्बा टुट गया और नर हाथी करंट की चपेट मे आ गया। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर हैं। और हाथी को 200 मीटर दूर खड़े होकर देख रहे हैं। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक मौके पर नहीं पहुंच पाये हैं।

### मछली पालन बीज केंद्र के पास खेत में मिला मगरमच्छ

**जगदलपुर (आरएनएस)।** लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धुरागांव स्थित मछली पालन बीज केंद्र के पास एक मगरमच्छ को गांव वाले के द्वारा खेत में देखा गया है। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच कर डायल 112 के स्टाफ द्वारा गांव वालों की मदद से मगरमच्छ को खेत से पकड़ कर बहार निकाला गया। मगरमच्छ को पकडऩे के बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुदरु कश्यप के साथ मिलकर चित्रकोट वाटरफॉल के नीचे ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी... जिले के किसानों को 98 करोड़ 37 लाख का हुआ भुगतान

### मूंग, उड़द एवं अरहर के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय पर दयानिधि ने मुख्यमंत्री का जताया आभार






**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के हितग्राहियों के खाते में लगभग 1900 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने ने कहा कि 01 नवम्बर को राज्योत्सव के अवसर पर अंतरित की जाने वाली राशि को आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए आज प्रदेश के किसानों, मजदूरों, गौपालकों के खाते में राशि अंतरण करते हुए सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा की राज्य सरकार ने किसानों को उनकी फसल उपज का उचित मूल्य देने, फसल उत्पादकता में वृद्धि, जैविक कृषि एवं फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों को आदान सहायता राशि दी जा रही है एवं गोधन न्याय योजना के माध्यम से जैविक कृषि को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि लोग अधिक से अधिक आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

जिले में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त के रूप में 01 लाख 22 हजार 235 किसानों के खाते में 98 करोड़ 37 लाख 93 हजार रूपए भुगतान किया गया। इसी प्रकार गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 19 लाख 37 हजार 472 रूपए का भुगतान किया गया। जिले में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-औरदा में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने हितग्राहियों से चर्चा की। औरदा निवासी दयानिधि ने बताया कि उन्होंने 12 एकड़ में धान और 1 एकड़ में रॉगी तथा 8 डिसमिल में उड़द लगाए है। उन्होंने मुख्यमत्री को दलहन के न्यूनतम समर्थन लागू करने पर धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर 21 किलो उड़द की ब्रिकी किया।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा राशि अंतरण के साथ न्यूतम समर्थन मूल्य पर मूंग, उडद एवं अरहर क्रय का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर रानू साहू की उपस्थिति में कछार निवासी तेजवंत सिंह दीवान ने 40 किलो, कौवाताल निवासी विशी केशन साहू ने 30 किलो तथा दयानिधि ओगरे ने 21 किलो उड़द का विक्रय किया।

इस दौरान कलेक्टर रानू साहू ने फसल विविधीकरण कर दलहन फसल लेने पर बिक्री करने आये किसानों का स्वागत किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनके द्वारा लगाए गए फसलों की जानकारी ली। इस मौके पर एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीईओ जनपद महेश पटेल, उप संचालक कृषि हरिश राठौर तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नामांतरण पोर्टल के नये वर्जन का शुभारंभ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश में अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण हेतु नामांतरण प्रक्रिया को सरलीकृत करते हुए तैयार किए गए ऑनलाईन नामांतरण पोर्टल के नया वर्जन का शुभारंभ किया। जिससे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी।

## चॉकलेट, बिस्किट के दुकान में मिला अवैध रूप से फटाखा संग्रहण, डेढ़ लाख रुपए से अधिक के फटाके जब्त

### संचालक पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से फटाके (विस्फोटक) का संग्रहण पर वैधानिक कार्यवाही करें। निर्देशों के पालन में नव पदस्थ थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा अपने स्टाफ व मुखबिर को क्षेत्र में सक्रिय कर फटाके का अवैध रूप से खरीदी, बिक्री पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 17.10.2022 को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज को मुखबिर से सूचना मिली कि सिंधी कालोनी पक्की खोली चक्रधरनगर का राजेश मटानी अपने चॉकलेट, बिस्किट, चिप्स के होलसेल दुकान लक्ष्मी ट्रेडर्स में अवैध रूप से पटाखों का संग्रहण किया हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से उपनिरीक्षक संतरा चौहान, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, सतीश पाठक, अरुणा चौरसिया आरक्षक चुरामणी गुप्ता, सुशील यादव को मौके पर जाकर तस्दीक करने का निर्देश दिए और स्वयं मौके के लिए रवाना हुए। मौके पर पुलिस टीम द्वारा दुकान में चॉकलेट बिस्किट के अलावा कार्टूनों में रखें विभिन्न प्रकार के फटाके पाया गया जिस संबंध में ट्रेडर्स के संचालक को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया जिस पर राजेश मटानी असफल रहा। चक्रधर नगर पुलिस द्वारा दुकान में रखे विभिन्न कंपनियों के फटाके कीमत करीब रु.1,50,000 का जप्त किया गया है तथा आरोपी राजेश मटानी पिता स्व. भगवान दास मटानी उम्र 39 वर्ष सा. पक्की खोली सिंधी कालोनी थाना चक्रधरनगर के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

## लाइनमेन से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को तमनार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर




**रायगढ़।** दिनांक 17.10.2022 को #तमनार पुलिस द्वारा लाइनमेन रमाशंकर पाण्डेय से गाली गलौच मारपीट कर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले आरोपित - विश्वास पटनायक उर्फ गुड्डन एवं विनायक पटनायक उर्फ टिक्कु निवासी पटनायक मोहल्ला, थाना तमनार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर JMFC घरघोड़ा न्यायालय रिमांड पर भेजा गया, जहां से माननीय न्यायाधीश द्वारा दोनों आरोपियो का जेल वारंट जारी किया गया है।

घटना के संबंध में लाइनमेन रमाशंकर पाण्डेय (46 वर्ष) दिनांक 12.10.2022 को थाना तमनार में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि यह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल वितरण केन्द्र तमनार में लाईनमेन के पद पर कार्यरत है। दिनांक 12.10.2022 के दोपहर लगभग 01.30 बजे तमनार बस स्टेण्ड पटनायक मेडिकल स्टोर की लाईन विच्छेदन की कार्यवाही करने के लिये अपने स्टाफ के साथ गया था। जहां विद्युत मीटर के बकाया रकम पटाने कहने पर विश्वास पटनायक एवं विनायक पटनायक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट कर शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न कर विद्युत विच्छेदन के कार्य रोक दिये। रमाशंकर पाण्डेय के आवेदन पर थाना तमनार में अप.क्र. 327//2022 धारा 294,506,186,353,332,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी विश्वास पटनायक उर्फ गुड्डन पिता विजय शंकर उम्र 44 साल निवासी तमनार एवं विनायक पटनायक उर्फ टिक्कु पिता अश्वनी कुमार पटनायक उम्र 35 साल निवासी पटनायक मोहल्ला थाना तमनार को आज दिनांक 17.10.2022 को तमनार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। तमनार पुलिस द्वारा पूर्व में भी आरोपी विश्वास पटनायक तथा विनायक पटनायक पर शांति भंग की अंदेशा पर प्रतिंबधात्मक कार्यवाही किया गया है। इसके अलावा आरोपियों को मारपीट एवं आचार संहिता का उलन्घन करते हुये धारा 144 CrPC का पालन नहीं करने के आपराधिक मामलों में तमनार पुलिस द्वारा चालान किया गया था।

## आठ जुआरियों से 2 लाख 94 हजार रुपए नगदी व 7 मोबाइल जब्त

### थाना कोतवाली में आरोपियों पर जुआ एक्ट की कार्यवाही



रायगढ। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में साइबर सेल एवं चौकी जूटमिल की संयुक्त टीम द्वारा अंश होटल के कमरा नंबर 301 में 52 पत्ती ताश से शहर एवं आसपास के कुछ युवक जुआ खेलने बैठे होने की मुखबीर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से जुआ रेड कार्यवाही किया गया, मौके पर 8 जुआडियान- करण चौधरी, रिंकू उर्फ दुर्गेश साहू, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद जावेद, दीपक अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल, अविनाश सिंह एवं सुधीर अग्रवाल 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए जिनके फड एवं पास से पुलिस टीम द्वारा रु.2,94,000 नगद एवं 7 मोबाइल फोन जप्त किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना कोतवाली लाया गया जहां आरोपियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन तथा सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में जुआ रेड कार्यवाही में साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक प्रशांत पंडा एवं चौकी जूटमिल के आरक्षक धनुर्जय चंद्र बेहरा, विनय तिवारी शामिल थे।

**जुआ रेड में पकड़े गए जु जुआरियान -** (1) करण चौधरी पिता बंटी चौधरी 25 साल सावित्री नगर रायगढ़

(2) रिंकू उर्फ दुर्गेश साहू पिता दिलहरण साहू 34 साल किरोड़ीमल नगर कोतरारोड़ रायगढ़

(3) मोहम्मद वसीम पिता मोहम्मद बरकत उम्र 38 साल निवासी बीडपारा रायगढ़

(4) मोहम्मद जावेद पिता कमालुद्दीन उम्र 36 वर्ष निवासी इंदिरा नगर रायगढ़

(5) दीपक अग्रवाल पिता गणेश राम अग्रवाल उम्र 38 वर्ष ढिमरापुर रायगढ़

(6) कान्हा अग्रवाल पिता विकास अग्रवाल उम्र 26 वर्ष ढिमरापुर रायगढ़

(7) अविनाश सिंह पिता ओमप्रकाश सिंह उम्र 27 वर्ष किरोड़ीमल नगर रायगढ़

(8) सुधीर अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल उम्र 38 वर्ष सुभाष चौक रायगढ़

## छत्तीसगढ़ में पौने चार साल: प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण का जुड़ा नया अध्याय

### छह नये जिले, 19 अनुविभाग और 77 तहसील की मिली ऐतिहासिक सौगात

### प्रदेश में अब 33 जिले, 108 अनुविभाग और 227 तहसील



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पिछले पौने चार साल में प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण का एक नया अध्याय जुड़ गया है। राज्य में नवगठित जिलों से विकास की नई रोशनी आएगी। लोगों तक विकास के लिए तैयार की गई योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचेगा। प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण जनआकांक्षाओं की पूर्ति के साथ-साथ पिछड़े और अविकसित क्षेत्र को भी विकास की बराबरी में आने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत करने तथा शासन-प्रशासन में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के साथ आम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण का फैसला लिया।

## आने वाले दो तीन दिनों में छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून की होगी विदाई



**रायपुर (आरएनएस)।** शनिवार को राजधानी के अलग अलग हिस्से में हल्की और रिमझिम बारिश के बाद रविवार को बादल छाए रहने के साथ में धूप निकली हुई थी. उमस भरी गर्मी महसूस की गई. सोमवार की सुबह राजधानी में धूप निकली हुई है, जिसकी वजह से उमस और गर्मी सुबह से महसूस की जा रही है. रात में हल्की और गुलाबी ठंड का एहसास भी होने लगा है. मौसम विभाग की माने तो आने वाले 2 दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी संभव है. प्रदेश में अभी भी बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई रेखा कैलाशहर बहरामपुर कानके बिलासपुर ब्रम्हपुरी बुलढाणा दहानू है. दक्षिण पश्चिम मानसून के विदाई के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही है, जिसकी वजह से अगले 2 दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ भाग से मानसून की वापसी संभव है. प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है।

## रायगढ़ के जिला जेल एवं सारंगढ़ के उप जेल में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत




**रायगढ़।** माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा सोनाघर विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में दिये गये दिशा-निर्देश के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रजनीश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला रायगढ़ के जिला जेल एवं सारंगढ़ की उप जेल में 15 अक्टूबर 2022 को राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी द्वारा केंद्रीय जेल रायपुर से किया गया। जिसमें जिला रायगढ़ से वर्चुअल माध्यम से अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला एवम सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवस्तव, श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कोशले, प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्रा व गुलापन यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, जेल अधीक्षक एस.पी.कुर्रे जिला जेल रायगढ़ से तथा समस्त न्यायिक अधिकारी न्यायालय परिसर से वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। उक्त राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में जिला जेल रायगढ़ सहित उप जेल सारंगढ़ में कुल 4 खंडपीठ का गठन किया गया तथा कुल 16 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 15 प्रकरणों में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर विचाराधीन बंदियों को दोष सिद्ध किया गया तथा एक प्रकरण का समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। इस प्रकार जेल लोक अदालत में कुल 13 विचाराधीन बंदियों को 15 अक्टूबर 22 को ही निरोध अवधि का लाभ देते हुए रिहा किया गया। साथ ही 15 अक्टूबर 22 को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव द्वारा जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए कई निर्देश प्रभारी जेलर दिए गए, जिसमें प्रतिदिन बंदियों को योगा एवं समय-समय पर खेल गतिविधियों के निर्देश भी शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480